# सीहोर जिला







एक नजर में



### डॉ. रूपाली सोनी को मिला भविष्य ज्योति सम्मान

**सीहोर.** सरस्वती डांस कला केंद्र की निदेशक डॉ. रूपाली सोनी को हैदराबाद में अभिनेत्री जया प्रदा द्वारा ग्लोबल लीडरशिप अवार्ड से सम्मानित किए जाने पर अग्रसोच सोशल फाउंडेशन द्वारा आयोजित कार्यक्रम में नृत्य के क्षेत्र में विशेष उपलब्धि प्राप्त करने पर नगर स्तर पर अग्रसोच भविष्य ज्योति सम्मान से सम्मानित किया गया. यह सम्मान अंतर्राष्ट्रीय कथा वाचक पं. प्रदीप मिश्रा के भामाशाह समाजसेवी अखिलेश राय एवं समाजसेवी श्रीमती अरुणा राय द्वारा प्रदान किया गया. कार्यक्रम में सरस्वती कथक डांस कला केंद्र की बच्चियों द्वारा आयोजकों के आग्रह पर दो समूह नृत्य की मनोहारी प्रस्तुति दी गई. कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागी बच्चियों को शील्ड एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया.




### एक पौधा लगाएं, धरती बचाएं के संकल्प के साथ लगाए पौधे

**सीहोर.** भारत विकास परिषद शाखा द्वारा समिति अध्यक्ष रितेश राठौर के फार्म हाउस पर एक पौधा लगाएं, धरती बचाएं अभियान के तहत 51 पौधे लगाए गए. मुख्य अतिथि परिषद के प्रांत सह सचिव रवि ठकराल एवं आर्य समाज प्रधान नरेश चंद्र आर्य रहे. पौधे लगाने वालों में नवीन सोनी, भारत सोनी, अंकुश जैन, शोभा चांडक, सुनीता सोनी, दिनेश वर्मा, सुरेश नेमा, सुधीर कौशल, राजकुमार राठौर, महेंद्र कौशल, चंद्रप्रकाश परवाल, नेहा ठकराल, श्वेता राठौर, राजीव गुप्ता, प्रीति गुप्ता, रीना वर्मा, मीरा गुप्ता, अरविंद गुप्ता, भूपेन्द्र राठौर, राजेंद्र राठौड़, वर्षा राठौर, रमेश चंद्र राठौर, अशोक राठौर, रामदयाल आर्य, रामदीन आर्य, राकेश आर्य, बाबूलाल आर्य, कमलेश आर्य, चुन्नीलाल आर्य सहित समस्त सदस्य शामिल हैं.



### ऑक्सफोर्ड की छात्रा ने नेपाल में जीता रजत पदक

**सीहोर.** दि ऑक्सफोर्ड हायर सेकेंडरी स्कूल की कक्षा 12 वीं की छात्रा आरोही पराशर ने नेपाल के काठमांडू में आयोजित 17 वीं एनएसकेए अंतरराष्ट्रीय कराटे चैम्पियनशिप में काता/कुमिते टीम काता/कुमिते स्पर्धा में द्वितीय स्थान प्राप्त कर रजत पदक अर्जित किया.प्राचार्या डॉ. बीना जे. कुरियन ने कहा छात्रा की यह सफलता उसकी कठिन मेहनत, अनुशासन, आत्मविश्वास एवं खेल के प्रति समर्पण का परिणाम है. उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि भविष्य में भी वह राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करेगी.इस उपलब्धि पर संस्था अध्यक्ष एड. जॉली कुरियन, प्राचार्या डॉ. बीना जे. कुरियन, डीईओ शीलू शर्मा, खेल अधिकारी अत्ताउल्लाह खान, प्राचार्य आलोक शर्मा, स्पोर्ट्स शिक्षक सुमित शर्मा ने शुभकामनाएं दी हैं.



### कुंवर चेनसिंह बलिदान दिवस मनाएगी क्षत्रिय महासभा

**सीहोर.** अभा क्षत्रिय महासभा द्वारा आयोजित कार्यकारणी की बैठक में आगामी 24 जुलाई को रणबांकुरे वीर शहीद कुंवर चेन सिंह का बलिदान दिवस मनाए जाने व प्रतियोगिताओं का आयोजन करने का निर्णय लिया गया. कार्यक्रम में डॉ. महेंद्र सिंह राठौड़, जितेन्द्र सिंह राठौड़, धीरेन्द्र सिंह राजावत, गोपाल सिंह ठाकुर, अजय सिंह पंवार, शिवनाथ सिंह जादौन, कृष्णपाल सिंह सेंगर, सियाराम गोतम, रामसिंह, रमेश सिंह चौहान, शिवजी सिंह विशैन, करणवीर सिंह चौहान, नवजोत सिंह, आनन्द सिंह राजपूत, भूपेन्द्र सिंह भदोरिया, सुरेन्द्र सिंह कुशवाहा, शिवशंकर सिंह, सिसोदिया, अजीत सिन्दल, सुदीप तोमर, विनय सिंह चौहान, संजय जादौन, महेंद्र सिंह चौहान, चंदनसिंह सिसोदिया, लाखन गौर, विजय सिंह तोमर, गजराज सिंह राघव, देवेन्द्र सिंह चौहान, इन्द्रपाल सिंह ठाकुर आदि उपस्थित थे.

# ट्रैक्टरों से शहर किया जाम, सड़क पर सेंकी बाटी

## मूंग की शत प्रतिशत खरीदी व अन्य मांगों को लेकर सोमवार को किसानों ने किया शक्ति प्रदर्शन, शाम तक जारी रहा प्रदर्शन

- एमएसपी की कानूनी गारंटी तय करने की भी मांग
- हनुमान चालिसा का पाठ कर सरकार को दी चेतावनी





**भैरूंदा.** सोमवार को तहसील मुख्यालय पर किसानों द्वारा अपनी मांगों को लेकर प्रभावी प्रदर्शन किया गया. सैकड़ों ट्रैक्टर के साथ भैरूंदा पहुंचे किसानों ने सड़क पर बैठकर बाटी सैंकी और हनुमान चालिसा का पाठ किया.

नवभारत न्यूज

**सीहोर/ भैरुंदा 6 जून. मूंग फसल की शत-प्रतिशत सरकारी खरीदी की मांग को लेकर सोमवार को भैरुंदा नगर प्रदेश के सबसे बड़े किसान आंदोलनों में से एक का गवाह बना. डेरा डालो-घेरा डालो आंदोलन के तहत हजारों किसान कृषि उपज मंडी में जुटे और बाद में 1500 से अधिक ट्रैक्टरों (के साथ विशाल रैली निकालते हुए नगर के प्रमुख मार्गों से इंदौर-भोपाल मुख्य मार्ग तक पहुंचे. इसके बाद दुर्गा चौक पर करीब पांच घंटे तक चक्काजाम किया गया, जिससे 3 से 5 किलोमीटर लंबा जाम लग गया और यातायात पूरी तरह प्रभावित रहा.**

सुबह से ही भैरुंदा तहसील के लगभग हर गांव सहित हरदा और आसपास के जिलों से किसान ट्रैक्टरों के साथ मंडी पहुंचे. ट्रैक्टरों पर लगे झंडे, डीजे और गूंजते नारों से शहर आंदोलनमय हो गया. किसान पंचायत में सरकार की खरीदी नीति को किसान विरोधी बताते हुए निर्णायक संघर्ष का ऐलान किया गया. इसके बाद निकली करीब दो किलोमीटर लंबी ट्रैक्टर रैली एक घंटे से अधिक समय तक शहर की सड़कों पर चलती रही.

चक्काजाम के दौरान किसानों का अनोखा विरोध भी देखने को मिला. उन्होंने सड़क पर ही कंडे जलाकर बाटी बनाई, अचार के साथ भोजन किया, चाय बनाई और सामूहिक रूप से हनुमान चालीसा का पाठ कर सरकार को सद्बुद्धि देने की प्रार्थना की. घेरा डालो-डेरा डालो और किसान भीख नहीं, अपना अधिकार मांग रहा है जैसे नारों से पूरा क्षेत्र गूंजता रहा. किसानों का आरोप था कि सरकार ने मूंग खरीदी को सीमित कर हजारों किसानों की मेहनत पर संकट खड़ा कर दिया है. उनका कहना था कि खेत में जितनी उपज हुई है, उसका बड़ा हिस्सा समर्थन मूल्य पर नहीं खरीदा जाएगा, जिससे किसानों को मजबूरी में व्यापारियों को औने-पौने दाम पर फसल बेचनी पड़ेगी. किसानों ने स्पष्ट कहा कि उन्हें किसी प्रकार की खैरात नहीं, बल्कि उनकी मेहनत का उचित मूल्य चाहिए.

किसानों ने डीएपी, यूरिया सहित उर्वरकों की कमी और बढ़ती कीमतों पर भी सवाल उठाए. उनका कहना था कि खाद वितरण की वर्तमान व्यवस्था किसानों के लिए परेशानी का कारण बन गई है. कई बार ओटीपी, तकनीकी दिक्कतों और दूसरे केंद्रों पर आवंटन के कारण किसानों को अतिरिक्त खर्च उठाना पड़ता है. इसलिए ग्राम पंचायत स्तर पर पर्याप्त खाद उपलब्ध कराई जाए.

किसान नेताओं ने चेतावनी दी कि यदि सरकार ने जल्द मांगें नहीं मानीं तो आंदोलन को भोपाल विधानसभा घेराव तक ले जाया जाएगा और आवश्यकता पड़ने पर इसे राष्ट्रीय स्तर तक विस्तारित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि अब प्रदेश के किसान संगठन एकजुट हैं और अपने अधिकारों के लिए निर्णायक लड़ाई लड़ेंगे।

किसानों के आंदोलन को देखते हुए प्रशासन सुबह से अलर्ट रहा. करीब 90 पुलिसकर्मी तैनात किए गए तथा यातायात को वैकल्पिक मार्गों से डायवर्ट किया गया, बावजूद इसके कई घंटों तक जाम की स्थिति बनी रही. प्रशासन ने किसानों से लगातार बातचीत की, लेकिन समाचार लिखे जाने तक किसान अपनी मांगों पर अड़े रहे. आंदोलन के चलते स्कूली वाहनों से घर लौट रहे बच्चे भी परेशान होते रहे. ग्रामीण क्षेत्र के विद्यार्थी भी स्कूल नहीं आ सके.

> **किसान स्वराज संगठन की प्रमुख मांगें**
>
> किसान स्वराज संगठन के पदाधिकारियों ने कहा कि उनकी प्रमुख मांग 100 प्रतिशत मूंग खरीदी, प्रति एकड़ खरीदी की सीमा समाप्त कर पूरी उपज की खरीदी और सभी पंजीकृत किसानों से एमएसपी पर खरीदी सुनिश्चित करना है. साथ ही खरीदी के बाद समय पर भुगतान, फसलों के लिए एमएसपी की कानूनी गारंटी, किसान कल्याण निधि की लंबित राशि जारी करने तथा ई-टोकन व्यवस्था समाप्त कर पुरानी खाद वितरण प्रणाली लागू करने की भी मांग की गई.

# नाराज आशाओं ने कलेक्ट्रेट के सामने लगाए नारे

- अपनी मांगों को लेकर सड़क पर उतरीं आशा कार्यकर्ताएं
- काफी देर तक पुराने हाईवे पर बने रहे जाम के हालात




नवभारत न्यूज

**सीहोर 6 जुलाई.** विभिन्न लंबित मांगों और समस्याओं को लेकर आशा कार्यकर्ताओं का आक्रोश बढ़ गया है. सोमवार को बड़ी संख्या में आशा कार्यकर्ताओं ने कलेक्टोरेट के सामने प्रदर्शन करते हुए चक्का जाम कर दिया.

प्रदर्शन के दौरान आशा कार्यकर्ता रानी राठौर ने प्रशासन और व्यवस्था पर गंभीर आरोप लगाए. उन्होंने कहा हमारा वेतन अभी तक नहीं आया है, जिससे हम सभी कार्यकर्ता बेहद परेशान हैं. हमसे पूरा 24-24 घंटे काम लिया जा रहा है, शासन स्तर पर अभी तक हमारी सुध नहीं ली जा रही है. हमें समझ नहीं आ रहा है कि कब हमारी समस्याओं का समाधान किया जाएगा. कलेक्ट्रेट के सामने भी सैकड़ों की तादाद में बैंगनी रंग की साड़ी पहने आशा कार्यकर्ताओं ने कतारबद्ध होकर अपनी मांगों के समर्थन में जमकर नारेबाजी की. इस दौरान मौके पर कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस बल भी तैनात नजर आया, जो प्रदर्शनकारियों को समझाने और यातायात सुचारू कराने का प्रयास करता रहा. काफी देर बाद कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन आश्वासन मिलने के बाद समाप्त किया. इस दौरान उनका कहना है कि समय पर मानदेय की गारंटी नहीं मिलती, उनका विरोध प्रदर्शन आगे भी जारी रहेगा.

## मार्ग पर चढ़ी लापरवाही की परत : गुजराती

नवभारत न्यूज

**सीहोर 6 जुलाई.** जिले के थूना-पचामा मार्ग के निर्माण कार्य को लेकर एक बार फिर सवाल खड़े होने लगे हैं. लाखों रुपए की लागत से बन रही इस सड़क की गुणवत्ता परजिला कांग्रेस अध्यक्ष राजीव गुजराती ने लापरवाही का आरोप लगाया है.

उन्होंने कहा कि सड़क निर्माण कार्य अभी पूरी तरह समाप्त भी नहीं हुआ है, लेकिन कई स्थानों पर गुणवत्ता की पोल खुलने लगी है. राजीव गुजराती ने बताया कि सडक़ किनारे हाल ही में निर्मित नालियां कुछ ही दिनों में क्षतिग्रस्त होने लगी हैं. कई स्थानों पर नालियों में दरारें दिखाई दे रही हैं और उनका हिस्सा टूटने लगा है, जिससे स्पष्ट होता है कि निर्माण कार्य में गुणवत्ता मानकों का पालन नहीं किया गया. यदि नई बनी संरचनाओं का यह हाल है, तो भविष्य में सडक़ की मजबूती और टिकाऊपन पर भी सवाल उठना स्वाभाविक है. उन्होंने कहा कि इस सडक़ का निर्माण प्रारंभ से ही विवादों और अव्यवस्थाओं के बीच रहा है. पहले मिट्टी भराव को लेकर सवाल उठे, उसके बाद बिजली के खंभों की शिफ्टिंग में देरी हुई. अब सड़क का लेवल जो किअसमतल है को लेकर भी क्षेत्रवासियों में असंतोष है.

## 5वीं, 8वीं पुन : परीक्षा के परिणाम आज

नवभारत न्यूज

**सीहोर 6 जुलाई.** प्रदेश के राज्य शिक्षा केन्द्र स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा कक्षा 5 वीं और 8वीं की पुन: परीक्षा का परिणाम 7 जुलाई को दोपहर 2 बजे घोषित किया जाएगा.

विद्यार्थी एवं अभिभावक राज्य शिक्षा केंद्र के वेब पोर्टल पर परिणाम देख सकेंगे. इसके साथ ही इसी पोर्टल पर शिक्षक, संस्था प्रमुख अपनी शाला का विद्यार्थीवार परिणाम भी देख सकेंगे. उल्लेखनीय है कि राज्य शिक्षा केंद्र द्वारा 16 से 23 जून के बीच 5 वीं और 8 वीं की पुन: परीक्षा आयोजित की गई थी. परीक्षा में शासकीय, अशासकीय शालाओं एवं पंजीकृत मदरसों के कक्षा 5वीं के 1 लाख 17 हज़ार से अधिक और कक्षा 8 वीं के 1 लाख 32 हज़ार से अधिक विद्यार्थी सम्मिलित हुए थे. इन विद्यार्थियों की उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन के लिए प्रदेश में कुल 322 केंद्र बनाये गए थे.

## अस्पताल में इंसुलिन जागरुकता कार्यक्रम

**सीहोर.** जिला अस्पताल में इंसुलिन जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किया गया. कार्यक्रम में डॉ. आरके सिंघल ने उपस्थित नर्सिंग अधिकारियों को इंसुलिन के सुरक्षित एवं प्रभावी उपयोग से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की. डॉ. सिंघल ने इंसुलिन के सही तरीके से प्रबंधन, निर्धारित मात्रा के अनुसार उपयोग तथा उसके उचित भंडारण के संबंध में जानकारी दी.

# एक दिन का विराम, फिर जिले में झमाझम

- आष्टा में एक घंटे तेज बारिश से फिर जलभराव के बने हालात
- सीहोर में भी शाम को शुरू हुआ तेज बारिश का दौर



नवभारत न्यूज

**आष्टा 6 जुलाई.** एक दिन के विराम के बाद सोमवार दोपहर में शुरू हुई मूसलाधार बारिश ने एक घंटे में ही शहर की व्यवस्थाओं की पोल खोल दी. तेज बारिश से शहर के कई इलाकों में जलभराव हो गया, जबकि पार्वती और पापनास नदी सहित आसपास के नदी-नाले उफान पर आ गए.

लगातार हुई बारिश के कारण बुधवारा, भोपाल नाका और सब्जी मंडी क्षेत्र की सड़कों पर पानी भर गया. कई स्थानों पर पानी सड़कों पर बहने लगा, जिससे राहगीरों और वाहन चालकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा. जलभराव के चलते यातायात प्रभावित रहा और लोगों को आवागमन में दिक्कतें हुई.

तेज बारिश से बाजारों की रौनक भी फीकी पड़ गई. पार्वती और पापनास नदी का जलस्तर तेजी से बढ़ गया. नदी-नालों में तेज बहाव को देखते हुए प्रशासन ने लोगों से जलभराव वाले क्षेत्रों से दूरी बनाए रखने की अपील की है.

वहीं जिला मुख्यालय सीहोर में भी दिनभर की उमस और गर्मी के बाद शाम को मौसम ने करवट ली. देर शाम तक रुक-रुक कर हुई बारिश से मौसम सुहावना हो गया और लोगों को भीषण गर्मी और उमस से राहत मिली.

> **जिले में अब तक औसत 282 मिमी बारिश दर्ज**
>
> जिले में सोमवार को 1.4 मिमी वर्षा दर्ज की गई. सर्वाधिक 6 मिमी वर्षा श्यामपुर तहसील में रिकॉर्ड की गई. इसके अलावा रेहटी में 4.6 मिमी तथा सीहोर में 0.5 मिमी वर्षा दर्ज की गई. अब तक जिले में औसतन 282 मिमी वर्षा रिकॉर्ड की गई है. आष्टा में सर्वाधिक 400 मिमी वर्षा दर्ज की गई है. भैरूंदा में 367 मिमी, जावर में 323.7 मिमी, इछावर में 319 मिमी, रेहटी में 234.2 मिमी, सीहोर में 230.4 मिमी, बुधनी में 213 मिमी तथा श्यामपुर में 168.8 मिमी वर्षा दर्ज की गई है.

# वर्षाकाल में पूरी सतर्कता बरतें अधिकारी

नवभारत न्यूज

**सीहोर 6 जुलाई.** कलेक्टर बालागुरू के की अध्यक्षता में टीएल बैठक आयोजित की गई. बैठक में उन्होंने प्रकरणों की समीक्षा की और समय सीमा के भीतर सभी प्रकरणों का संतुष्टिपूर्ण निराकरण करने के निर्देश दिए.

कलेक्टर ने वर्षाकाल के दौरान संभावित बाढ़ एवं प्राकृतिक आपदाओं से प्रभावी ढंग से निपटने के लिए सभी संबंधित विभागों के अधिकारियों को पूरी सतर्कता के साथ कार्य करने के निर्देश दिए हैं. बैठक में उन्होंने कहा कि वर्षा के मौसम में मैदानी अमला मुख्यालय पर रहकर लगातार फील्ड में सक्रिय रहे तथा किसी भी प्रकार की आपदा की सूचना मिलते ही राहत एवं बचाव कार्य तत्काल प्रारंभ किए जाएं. लापरवाही या अनावश्यक विलंब नहीं होना चाहिए. उन्होंने निर्देश दिए कि बाढ़ संभावित क्षेत्रों का निरीक्षण किया जाए तथा राहत शिविरों के लिए भवनों एवं स्थलों का पहले से चयन कर लिया जाए. राहत शिविरों में आवश्यक सुविधाओं की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, ताकि प्रभावित लोगों को सुरक्षित स्थानों पर ठहराया जा सके. बाढ़ अथवा प्राकृतिक आपदा की स्थिति में प्रभावित परिवारों को शीघ्र राहत राशि एवं अन्य सहायता उपलब्ध कराई जाए.

## वर्षा ऋतु में जल स्त्रोतों का क्लोरीनेशन

**सीहोर.** जलजनित बीमारियों रोकथाम के लिए लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा पेयजल स्रोतों का क्लोरीनेशन किया जा रहा है. अभियान के तहत हैंडपंपों, नल-जल योजनाओं तथा अन्य पेयजल स्रोतों में क्लोरीन डाला जा रहा है, ताकि नागरिकों को स्वच्छ एवं सुरक्षित पेयजल उपलब्ध कराया जा सके. विभाग द्वारा पेयजल की गुणवत्ता पर लगातार निगरानी भी रखी जा रही है. इसके लिए विभिन्न स्थानों से जल के नमूने एकत्र कर पेयजल परीक्षण किट के माध्यम से उनकी जांच की जा रही है.

कार्यकर्ता सम्मेलन ▶ डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी की जयंती पर भाजपा नेताओं व कार्यकर्ताओं ने किया याद

# डॉ. मुखर्जी ने शिक्षा, समाज और राजनीति में छोड़ी अमिट छाप



नवभारत न्यूज

**रेहटी 6 जुलाई.** भारतीय जनसंघ के संस्थापक डॉ.श्यामा प्रसाद मुखर्जी की 125 वीं जन्म जयंती पखवाड़ा के समापन के अंतर्गत नगर परिषद में कार्यक्रम आयोजित किया गया.

आयोजन नप अध्यक्ष राजेंद्र पटेल के नेतृत्व में हुआ, जिसमें डॉ. मुखर्जी के व्यक्तित्व एवं कृतित्व को श्रद्धापूर्वक स्मरण किया. बस स्टैंड के समीप नवनिर्मित उद्यान को डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी उद्यान नाम प्रदान किया गया. विचार गोष्ठी में वक्ताओं ने उनके जीवन संघर्ष, राष्ट्र की एकता और अखंडता के लिए किए गए योगदान तथा उनके वैचारिक दर्शन पर विस्तार से प्रकाश डाला. वक्ताओं ने कहा कि डॉ. मुखर्जी ने राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखते हुए जो वैचारिक नींव रखी, उसी के आधार पर भाजपा आज विश्व के सबसे बड़े राजनीतिक दल के रूप में स्थापित हुई है। उन्होंने कहा कि उनका जीवन राष्ट्रभक्ति, सांस्कृतिक चेतना और जनसेवा का प्रेरक उदाहरण है. नप अध्यक्ष राजेंद्र पटेल ने कहा कि नई पीढ़ी को डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के जीवन, विचारों और राष्ट्र के प्रति उनके समर्पण से प्रेरणा लेने की आवश्यकता है. उन्होंने कहा कि किसी सार्वजनिक स्थल को उनके नाम से जोड़ना केवल नामकरण नहीं, बल्कि उनके आदर्शों को समाज तक पहुंचाने का एक सार्थक प्रयास है.

कार्यक्रम में रामगोपाल ट्रेलर, गजराज सिंह, मनोहरलाल माहेश्वरी, दुर्गेश सोनी, शिवनंदन सिंह ठाकुर, अचल पटेल, महेश हरियाले, कैलाश मांगतानी, ओमप्रकाश माहेश्वरी, दिलीप गुप्ता, मीडिया प्रभारी संदीप चौहान, कैलाश भिलाला, जतिन सोनी आदि उपस्थित थे.

## सीताहरण के बाद मेघनाथ ,कुंभकरण वध

नवभारत न्यूज

**सीहोर 6 जुलाई.** श्री नृसिंह लक्ष्मी मंदिर में प्रयागराज के कलाकारों के द्वारा सुंदर रामलीला का मंचन किया जा रहा है. मंचन में सीता की ओर से लक्ष्मण को राम की सहायता के लिए भेजने वाले दृश्य पर ऐसा समा बंधा कि दर्शक मन्त्रमुग्ध हो गए.

सीता हरण, सीता हरण पर राम का विलाप, सीता माता की खोज करते हुए राम लक्ष्मण का हनुमान से मिलना व हनुमान जी का उन्हें सुग्रीव के पास लाकर दोनों की मित्रता होना जैसे दृश्यों ने दर्शकों का काफी ज्ञान बढ़ाया. सुग्रीव का राम लक्ष्मण को सीता जी के जेवर दिखाना व लक्ष्मण का केवल उनके पैर के जेवर को पहचानना, वहीं रामलीला में मेघनाथ, कुंभकरण व अहिरावण वध का मंचन किया गया. इस दौरान संत माधवदास महाराज, संस्कार मंच के संयोजक जितेन्द्र तिवारी, सुनील राय, पवन केवट, गणेश यादव, आयुष गुप्ता आदि ने रामलीला के महंत बृजेश शर्मा व रामलीला मंडल का स्वागत-सम्मान किया गया. रामलीला में मंचन देखकर दर्शक कभी रोमाचित तो कभी भावुक हुए. कुंभकरण वध से रावण क्रोधित हो जाता है. मेघनाथ ने देवी के आह्वान के लिए यज्ञ शुरू किया.